PLANET NEWS INDIA
Follow us on:/

निर्भय कुमार सेंगर
(संस्थापक एवं प्रधान संपादक)

01

प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
RNI No.- UPHIN/25/A4228

(भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त)

■ वर्ष : 01 ■ अंक : 01 ■ अलीगढ, सोमवार 05 अक्टूबर 2026 ■ पृष्ठ : 8 ■ मूल्य : 1/-रुपया www.planetnewsindia.com

पश्चिम बंगाल: पूर्व टीएमसी सांसद और अभिनेत्री कोयल मल्लिक भाजपा में शामिल,

टीएमसी की पूर्व सांसद और मशहूर अभिनेत्री कोयल (रुक्मिणी) मल्लिक कोलकाता में भाजपा में शामिल हो गई हैं। पार्टी ने उन्हें पश्चिम बंगाल राज्यसभा उपचुनाव के लिए अपना उम्मीदवार बनाया है।बंगाली फिल्म अभिनेत्री रुक्मिणी मल्लिक(कोयल मल्लिक) सोमवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गईं। पार्टी ने उन्हें आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया था, जिसके एक दिन बाद ही वह पार्टी में शामिल हुईं। दिग्गज बंगाली फिल्म अभिनेता रंजीत मल्लिक की बेटी, कोयल मल्लिक ने छह अप्रैल से 16 जुलाई तक तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की राज्यसभा सांसद के तौर पर काम किया था। विधानसभा चुनावों में ममता बनर्जी की पार्टी की हार के बाद उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। कोयल मल्लिक का भाजपा में स्वागत करते हुए, पार्टी के पश्चिम बंगाल महासचिव शशि अग्निहोत्री ने कहा कि अभिनेत्री सोमवार को राज्यसभा सीट के लिए अपना नामांकन दाखिल करेंगी।यहां भाजपा के राज्य मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मल्लिक ने कहा कि संसद के उच्च सदन का सदस्य बनना और लोगों की भलाई के लिए काम करने का मौका मिलना मेरे लिए सम्मान की बात होगी। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल की 12 राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव 16 अक्तूबर को होंगे। पश्चिम बंगाल विधानसभा में भाजपा के पास स्पष्ट बहुमत है।

कितने सीटों पर होंगे चुनाव?

देशभर में राज्यसभा चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। 12 राज्यसभा सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए भाजपा ने अपने उम्मीदवार घोषित करना शुरू कर दिए हैं। पश्चिम बंगाल से भाजपा ने पूर्व टीएमसी सांसद और अभिनेत्री रुक्मिणी मल्लिक और उत्तराखंड से दिनेश आर्य को उम्मीदवार बनाया है। अब सबकी नजरें उत्तर प्रदेश की 10 सीटों समेत तीनों राज्यों के समीकरणों पर टिकी हैं। भाजपा ने उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल की एक-एक सीट के लिए अपने उम्मीदवार का ऐलान कर दिया है। पश्चिम बंगाल से रुक्मिणी मल्लिक को मैदान में उतारा गया है, जबकि उत्तराखंड से दिनेश आर्य पर पार्टी ने भरोसा जताया है।

कब होंगे चुनाव?

तीन राज्यों की कुल 12 राज्यसभा सीटों के लिए 16 अक्तूबर को मतदान होना है। इसमें सबसे बड़ा हिस्सा उत्तर प्रदेश का है, जहां 10 सीटों पर चुनाव कराया जाएगा। इसके अलावा उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल की एक-एक सीट पर चुनाव होगा। उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में मौजूदा राज्यसभा सदस्यों का कार्यकाल 25 नवंबर को समाप्त हो रहा है। ऐसे में इन दोनों राज्यों में होने वाले चुनाव का महत्व काफी बढ़ जाता है। खासतौर पर उत्तर प्रदेश की 10 सीटों पर होने वाला मुकाबला राष्ट्रीय राजनीति के लिहाज से अहम माना जा रहा है। यहां अगले साल विधानसभा चुनाव भी है। वहीं, पश्चिम बंगाल की बात करें तो यहां राज्यसभा की एक सीट पर उपचुनाव कराया जा रहा है। इस सीट पर भाजपा ने टीएमसी से छोड़कर आई रुक्मिणी मल्लिक को अपना उम्मीदवार घोषित किया है।

अफसर मौन: 11 हजार वोल्ट के झूलते तार,

डेढ़ साल में आठ की मौत, हादसों से भी नहीं टूटी विभाग की नींद

कंचनपुर ही नहीं आसपास के छह गांवों में बीते डेढ़ वर्ष में ऐसी ही छह मौतें और हो चुकी है। आठ मौतों के बाद भी बिजली विभाग ने इन गांवों में झूलते तारों को ठीक करने की जरूरत नहीं समझी है। इसी क्षेत्र के गांव समैना तातरपुर में अशोक कुमार, नगला गुलरिया के कौशलेंद्र यादव, नगला सड़क के अजयपाल की भी ऐसे ही करंट लगने से मौत हो चुकी है।अलीगढ़ में दादों थाना क्षेत्र के कंचनपुर गांव में 11 हजार वोल्ट की झूलती बिजली की लाइन से करंट उतरा और दो युवकों की मौत हो गई। एक अक्तूबर को हुई इस घटना के बाद से गांव में मातम छाया है। जान गंवाने वाले संदीप सिंह और सहजुल के परिजनों के आंसू थम नहीं रहे हैं।कंचनपुर ही नहीं आसपास के छह गांवों में बीते डेढ़ वर्ष में ऐसी ही छह मौतें और हो चुकी है। आठ मौतों के बाद भी बिजली विभाग ने इन गांवों में झूलते तारों को ठीक करने की जरूरत नहीं समझी है। इसी क्षेत्र के गांव समैना तातरपुर में अशोक कुमार, नगला गुलरिया के कौशलेंद्र यादव, नगला सड़क के अजयपाल की भी ऐसे ही करंट लगने से मौत हो चुकी है। गांव भाय, खुशीपुरा और राजमऊ में एक-एक मौत हुई है। इन गांवों में आए दिन लोगों को करंट लग रहा है। दादों क्षेत्र ही नहीं जिले के अन्य गांवों में भी झूलते बिजली के तार जानलेवा बन चुके हैं। ग्रामीण लगातार बिजली विभाग से इसकी शिकायत कर रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।मेरे भतीजे संदीप की शादी होने वाली थी। घर में खुशी का माहौल था, अचानक 11 हजार वोल्ट के झूलते तार से करंट लगने से उसकी मौत हो गई। जिस बहू को घर लाने की तैयारी थी, उसका रो-रोकर बुरा हाल है।**-जय सिंह**।मैं मवेशी लेकर जा रहा था, तार की चपेट में आने से करंट लग गया। गले में अब तक उस घाव के निशान हैं। कुछ दिन पहले ही दो भैंसों की भी करंट लगने से मौत हो चुकी है। कोई देखने तक नहीं आता है।-**तिलक सिंह।**गांव से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की लाइन को बदल कर 440 वोल्ट कर दिया जाए। इसकी मांग कई वर्ष से हो रही है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। लोग बहुत डरे हुए रहते हैं।-रामजीलाल।अपने ही घरों की छतों पर जाने से डर लगता है। झूलते तार भूतल की छत और लिंटर से गुजर रहे हैं। जिससे महिलाओं और बच्चों की जान को खतरा है। अधिकारी इस समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं।-**राजू।**कंचनपुर में ही नहीं झूलते तारों से आसपास के छह-सात गांवों में लोगों की जान जा चुकी है, इसके बाद भी बिजली विभाग ने अब तक इस जानलेवा समस्या का समाधान नहीं कराया है। किसी जनप्रतिनिधि ने भी इसकी आवाज नहीं उठाई है।-**शिशुपाल।**चार बार इन तारों को ठीक करने के लिए बिजली विभाग से शिकायत की गई, लेकिन किसी ने अब तक ध्यान नहीं दिया है। आए दिन लोगों को करंट लग रहा है। युवाओं की जान जा रही है और कोई सुनने वाला नहीं है।-**राजेंद्र कुमार, कंचनपुर गांव के प्रशासक के प्रतिनिधि।**कंचनपुर की घटना के बाद एसडीओ और जेई मौके पर गए थे। दोनों पीड़ित परिवारों से फॉर्म-44 भरवाया गया है। विभाग के डिप्टी डायरेक्टर सेफ्टी मामले की जांच करेंगे। इसके बाद नियमानुसार पीड़ित परिवारों को मदद मिल सकेगी। कंचनपुर सहित आसपास के गांवों में 11 हजार वोल्ट की लाइन को शिफ्ट कराने का प्रस्ताव भी मुख्यालय को भेज दिया गया है। मंजूरी मिलते ही इसका काम कराया जाएगा।**-अरविंद नायक, मुख्य अभियंता,दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड अलीगढ़ जोन।**

रामलीला महोत्सव : शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक

रामलीला महोत्सव के दौरान शहर की यातायात व्यवस्था सुचारु रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी है। यह व्यवस्था 22 अक्तूबर तक लागू रहेगी। रामलीला मंचन और जुलूसों के दौरान जाम से बचने के लिए यातायात मार्गों में बदलाव किया गया है।एसपी ट्रैफिक प्रवीण यादव ने बताया कि सभी भारी वाहन गांधी पार्क चौराहा से आगरा और मथुरा मार्ग की ओर जाएंगे। इन्हें दुबे के पड़ाव से रामलीला मैदान, नौरंगाबाद और एटा चुंगी की ओर से रामलीला मैदान की तरफ जाने की अनुमति नहीं होगी।उन्होंने बताया कि नो एंट्री की अवधि में भी बदलाव किया गया है। अब रात 12 बजे से सुबह छह बजे तक नो एंट्री रहेगी। इस दौरान भारी वाहनों के आवागमन पर सख्ती से रोक रहेगी। यातायात पुलिस को व्यवस्था का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं।रामलीला महोत्सव के दौरान शहर की यातायात व्यवस्था सुचारु रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी है। यह व्यवस्था 22 अक्तूबर तक लागू रहेगी। रामलीला मंचन और जुलूसों के दौरान जाम से बचने के लिए यातायात मार्गों में बदलाव किया गया है।एसपी ट्रैफिक प्रवीण यादव ने बताया कि सभी भारी वाहन गांधी पार्क चौराहा से आगरा और मथुरा मार्ग की ओर जाएंगे। इन्हें दुबे के पड़ाव से रामलीला मैदान, नौरंगाबाद और एटा चुंगी की ओर से रामलीला मैदान की तरफ जाने की अनुमति नहीं होगी।उन्होंने बताया कि नो एंट्री की अवधि में भी बदलाव किया गया है। अब रात 12 बजे से सुबह छह बजे तक नो एंट्री रहेगी। इस दौरान भारी वाहनों के आवागमन पर सख्ती से रोक रहेगी। यातायात पुलिस को व्यवस्था का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं।

Aligarh News: झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस में यात्री की तबीयत बिगड़ी, मौत

नई दिल्ली से झारखंड जा रही स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस में शनिवार देर रात एक यात्री अचेत अवस्था में मिला। रेलवे स्टाफ की सूचना पर नॉन स्टाप ट्रेन को अलीगढ़ स्टेशन पर रुकवाया गया। यात्री को रेलवे चिकित्सक ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।जीआरपी के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार द्विवेदी ने बताया कि शनिवार रात करीब दस बजे सूचना मिली कि ट्रेन संख्या 12818 के सामान्य कोच में एक व्यक्ति अचेत पड़ा हुआ है।पुलिस टीम ने प्लेटफॉर्म नंबर दो पर पहुंचकर यात्री को नीचे उतारा। मौके पर पहुंचे रेलवे चिकित्सक एसएम अहमद ने उसे मृत घोषित कर दिया। यात्री की पहचान तेलेश्वर महतो (42) निवासी जिला हजारीबाग, गांव दासोखोप झारखंड के रूप में हुई। तेलेश्वर अपने चचेरे भाई बसंत कुमार के साथ आनंद विहार से कोडरमा जा रहा था। बसंत ने बताया कि यात्रा के दौरान तेलेश्वर की तबीयत अचानक खराब हो गई थी।

सीटों को लेकर एक-दूसरे को तौल रहीं सपा-कांग्रेस

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में सीट बंटवारे को लेकर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस एक दूसरे को तौलने में लगी हैं। दिवाली के बाद तस्वीर साफ होगी। दोनों ओर प्रांतीय नेताओं की बयानबाजी अभी रहेगी जारी। चुनाव का एलान होने के बाद दोनों दल संयुक्त रैलियां, संयुक्त मुद्दों के साथ सामने आएंगे।उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर सपा व कांग्रेस गठबंधन के लिए सीटों के लिहाज से तस्वीर साफ होने में खासा वक्त है। कांग्रेस सीटों को लेकर जल्द निर्णय चाहती है, तो सपा जीत सुनिश्चित किए जाने के लिए मजबूत प्रत्याशियों के उतारने पर जोर दे रही है। इसी कश्मकश के बीच सपा का फोकस इस वक्त राज्यसभा चुनाव पर ज्यादा है। माना जा रहा कि दिवाली के बाद सीटों की संख्या तय हो जाएगी, ताकि उसके बाद दोनों दल अपने अपने प्रत्याशियों का एलान सुविधा व तत्कालीन हालात व जातीय समीकरणों के आधार पर करेंगे।दोनों दलों के शीर्ष नेताओं में इस बात पर सहमति है। चुनाव का एलान होने के बाद दोनों दल संयुक्त रैलियां, संयुक्त मुद्दों के साथ सामने आएंगे। सपा जिले के हिसाब से घोषणा पत्र तैयार कराएगी। उसमें कांग्रेस की भी राय ली जाएगी। वोट चोरी के मुद्दे पर इंडिया गठबंधन के तहत आगे होने वाली रैलियों में सपा भी अपनी सहभागिता दिखाएगी।अब कांग्रेस को नया प्रदेश अध्यक्ष मिल गया है जिनके सपा से अच्छे रिश्ते माने जाते हैं। ऐसे में सीटों को लेकर पहले जैसी तल्ख बयानबाजी कम होने के आसार हैं। वैसे कांग्रेस के प्रांतीय नेता पहले से ही 150 सीटों की मांग कर रहे हैं जिसे सपा के कई सांसद नकार चुके हैं। कांग्रेस की मंशा हर जिले से कम से कम एक सीट लड़ने की है। सूत्रों के मुताबिक, सपा 2017 के चुनाव के वक्त बने फार्मूले पर सहमत नहीं है। वह 2022 के चुनाव में सहयोगियों को दी गई सीटों से कुछ ज्यादा देकर कांग्रेस को तैयार करने की कोशिश में है। सपा ने उस वक्त कांग्रेस से समझौता नहीं किया था। सपा ने उस वक्त सुभासपा, रालोद समेत कई सहयोगियों को 55 सीट दी थी और बाकी पर खुद लड़ी थी। 2017 में कांग्रेस 105 सीटें दिए जाने का ऐलान हुआ लेकिन कांग्रेस 114 सीट पर लड़ गई यानी कुछ सीटों पर सपा कांग्रेस दोनों के प्रत्याशी आमने सामने थे। सपा अब दस साल बाद 311 सीट के बजाए 350 सीट पर लड़ने के मूड में है।

लखनऊ में उपकेंद्रों पर बिजलीकर्मी घट रहे

उपभोक्ता हर साल बढ़ रहे; अनुभव की कमी से बढ़े हादसे

लखनऊ में उपकेंद्रों पर बिजलीकर्मी 30 फीसदी तक घट गए हैं, जबकि उपभोक्ता हर साल 15 फीसदी बढ़ रहे हैं। कर्मियों में अनुभव की कमी से हादसे काफी बढ़ गए हैं। आगे पढ़ें पूरी खबर...राजधानी लखनऊ में बिजली उपकेंद्रों पर उपभोक्ताओं की शिकायतें दूर करने वाले संविदाकर्मियों की संख्या करीब 30 फीसदी घटा दी गई है, जबकि हर साल करीब 15 फीसदी उपभोक्ता बढ़ रहे हैं। पहले चार कर्मचारियों के गैंग से होने वाला काम अब तीन कर्मियों से कराया जा रहा है। आरोप है कि कई उपकेंद्रों पर 11 और 33 हजार वोल्ट की लाइनों के खंभों पर बिना पर्याप्त प्रशिक्षण और अनुभव के कर्मियों को चढ़ाया जा रहा है। इससे हादसों का खतरा बढ़ गया है।संविदा यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद खालिद के मुताबिक, पहले एक गैंग में एक लाइनमैन, एक पेट्रोलमैन और दो सहयोगी होते थे। खंभे पर चढ़कर काम करने की जिम्मेदारी सिर्फ लाइनमैन की थी। अब तीन कर्मचारियों के गैंग में एक कुशल और दो अकुशल संविदा कर्मी रखे जा रहे हैं। वेतन रोकने की धमकी भी दी जातीशिकायतों का बोझ बढ़ने के बावजूद कर्मचारियों की संख्या घटा दी गई है। खालिद का आरोप है कि शिकायतों का दबाव बढ़ने पर जेई और एसडीओ संविदाकर्मियों से आठ की जगह 12 घंटे तक काम करा रहे हैं। नौकरी से निकालने और वेतन रोकने की धमकी भी दी जाती है।वीआईपी क्षेत्रों के उपकेंद्रों को छोड़कर अधिकांश जगह संविदाकर्मियों का ड्यूटी चार्ट चस्पा नहीं किया जाता। यूनियन का आरोप है कि ड्यूटी चार्ट नहीं होने से तय अवधि से अधिक काम कराने की शिकायतों का रिकॉर्ड सामने नहीं आ पाता।मई से जुलाई के बीच राजधानी में बिजली संकट के दौरान मध्यांचल निगम के निदेशक तकनीकी हरीश बंसल ने उपकेंद्रों का निरीक्षण किया था। इस दौरान कर्मचारियों की कमी सामने आई। तत्कालीन एमडी रिया केजरीवाल की अनुमति से तीन-चार माह के लिए कर्मियों की संख्या बढ़ाई गई, जिससे व्यवस्था में सुधार हुआकई हादसे, फिर भी नहीं बदली व्यवस्था कुछ उपकेंद्रों पर जेई कर्मचारियों से आठ की जगह 12 घंटे तक काम करा रहे हैं। -देवेंद्र कुमार पांडेय, प्रदेश महामंत्री, संविदा/आउटसोर्स यूनियन

रौद्र रूप में गोमती नदी की बाढ़

Flood in Lucknow: लखनऊ ने वर्षों के बाद गोमती नगर में इस तरह की बाढ़ देखी है। पूरे शहर में गोमती नगर से सटे कई इलाकों में कई फिट तक पानी भरा हुआ है। गोमती नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ने से रविवार को दुबग्गा के जेहटा रोड समेत आसपास के इलाकों में बाढ़ का पानी पहुंच गया। शाम छह बजे तक जेहटा-माल रोड पर करीब डेढ़ फीट पानी बहने लगा था। माल और इटौंजा के ग्रामीण क्षेत्रों में भी हालात बिगड़ते जा रहे हैं। प्रशासन के मुताबिक, अगले 24 घंटे में गोमती का जलस्तर दो फीट तक और बढ़ सकता है।प्रशासन की टीम ने हयात नगर मोड़, दौलतखेड़ा, सैथा और बरावन कला समेत प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी। पहली मंजिल पर रहने वालों को दूसरी मंजिल पर शिफ्ट होने और गर्भवती महिलाओं, बच्चों व बुजुर्गों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए कहा गया। बाढ़ प्रभावित इलाकों में लिए 10 नावों की सुविधा शुरू की गई है। 1000 बीघा फसल का होगा सर्वेग्रामीणों ने अधिकारियों को बताया कि बाढ़ से धान, सब्जियों समेत अन्य फसलों को बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है। डीएम ने एक हजार से अधिक बीघा फसल और सब्जियों के नुकसान का सर्वे कराने के निर्देश दिए। किसानों को नियमानुसार सरकारी सहायता का भरोसा दिया गया।हयात नगर मोड़, दौलतखेड़ा और सैथा के निरीक्षण के बाद डीएम का काफिला गुलमीखेड़ा, टाड़खेड़ा और सुखलालखेड़ा की ओर गया, लेकिन रास्ते में जलभराव अधिक होने से लौटना पड़ा। इससे ग्रामीणों में नाराजगी दिखी। सुरक्षा के लिए रात में पेट्रोलिंग बढ़ाने और दाउद नगर में अतिरिक्त कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं।मंझौवा गांव में गोमती का पानी बढ़ने से करीब 500 बीघा धान की पकी फसल डूब गई। खीरा, लौकी और भिंडी की फसल को भी नुकसान हुआ। अजय की तीन बीघा खीरे की फसल डूब गई। वहीं जयकरन, इंद्रपाल, राजाराम, महेश और सरवन के घर भी बारिश से गिर गए। हाथों में बैग थामे तीन फीट पानी से गुजरकर सड़क पर पहुंची फैजुल्लागंज के नंदन चौराहे पर रहने वाली सीमा जायसवाल पांच दिन से पानी घटने का इंतजार कर रही थीं। मुश्किलें बढ़ती गईं तो रविवार को सब्र जवाब दे गया। अब पति और बच्चों के साथ किराये के कमरे में रहेंगी। दिन-प्रतिदिन बढ़ रही मुश्किलों से जूझ रहे कई परिवार घर छोड़कर दूसरी जगहों पर चले गए हैं। किसी ने 3500 तो किसी ने तीन हजार रुपये में किराये पर कमरा लिया है।कई दिनों से पानी भरा है। अटल चौक के पास रहने वाले मोहम्मद शमीर की गली में तीन दिनों से पानी भरा है।

रोहिणी कोर्ट के वकील आज हड़ताल पर

एसोसिएशन ने कहा है कि किसी भी जिले के पुलिसकर्मी को कोर्ट परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।रोहिणी कोर्ट बार एसोसिएशन ने एक अधिवक्ता के साथ कथित बदसलूकी और मारपीट के विरोध में सोमवार को जिला अदालत परिसर में न्यायिक कार्यों से पूर्ण रूप से विरत रहने का आह्वान किया है। एसोसिएशन ने कहा है कि इस दिन किसी भी जिले के पुलिसकर्मी को कोर्ट परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।तीन अक्तूबर को जारी नोटिस में बार अध्यक्ष राजीव तेहरान और मानद सचिव परदीप खत्री ने बताया कि 29 सितंबर को महेंद्र पार्क थाने में अधिवक्ता कमलदीप के साथ बदसलूकी और मारपीट की गई। मामले को लेकर कार्यकारिणी समिति ने संयुक्त पुलिस आयुक्त, डीसीपी (उत्तर-पश्चिम) और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश से मुलाकात की थी। डीसीपी ने दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया था। एसोसिएशन का आरोप है कि कार्रवाई करने के बजाय बाद में अधिवक्ता कमलदीप के खिलाफ ही मामला दर्ज कर दिया गया। वरिष्ठ अधिकारियों ने समिति को इसकी जानकारी भी नहीं दी। बार ने इसे पुलिस की मनमानी के साथ-साथ आश्वासन पर किए गए भरोसे का गंभीर उल्लंघन बताया।

छात्रों से मरम्मत के नाम पर 16 साल से वसूली

एक अनुदानित मदरसे में छात्रों से मरम्मत के नाम पर 16 वर्षों से वसूली का आरोप लगा है। मदरसा कमेटी के सदस्य के अनुसार 913 छात्रों से हर माह 40 से 350 रुपये लिए गए, जिससे पांच करोड़ रुपये से अधिक की राशि का हिसाब सवालों में है। शिकायत पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने जांच शुरू कराई है।

लोहता स्थित अलावल स्थित फैजूल उलूम मदरसे में 913 छात्रों से मेंटेनेंस के नाम पर 16 साल में 5 करोड़ रुपये से ज्यादा की वसूली का मामला सामने आया है।

आरोप है कि 2010 से 2026 तक कक्षा एक से 12वीं तक के छात्रों से हर महीने अतिरिक्त शुल्क वसूले गए। अब मदरसा कमेटी के सदस्य ने जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार और जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रितेश बिंदल से मामले में हस्तक्षेप करने और जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने मामले की जांच शुरू करा दी है।अलावल मोहल्ले में संचालित फैजूल उलूम मदरसा सरकार से मान्यता प्राप्त है। इनमें 913 छात्र पढ़ रहे हैं

। छात्रों से बिजली, पानी फर्नीचर के नाम पर 40 से 350 रुपये हर महीने वसूले गए। इसकी रसीद भी दी गई। नियमानुसार, इस तरह का शुल्क नहीं लिया जा सकता है।

मदरसा सरकार से अनुदानित है। सरकार की तरफ से निर्धारित शुल्क वसूली का ही प्रावधान है। इसके बावजूद मनमानी की जा रही है।

मदरसा कमेटी के सदस्य ने अतिरिक्त वसूली की रसीद भी प्रशासनिक अधिकारियों को दी है।साल 2010 से मदरसे में पढ़ रहे छात्रों से अवैध वसूली की जा रही है। कई बार शिकायत की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस बार जिलाधिकारी को भी अवगत कराया गया है। मामला गंभीर है। - नेसार, सदस्य मदरसा कमेटी व शिकायतकर्तामदरसा नियमावली 2016 का उल्लंघन, छात्रों से शुल्क लेना गलत : मदरसा नियमावली 2016 के तहत अनुदानित मदरसों में छात्रों से किसी भी प्रकार का अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जा सकता है। यह गलत है। निर्धारित फीस ही ली जा सकती है।इस समय कक्षा एक से 12वीं तक 913 बच्चे पढ़ रहे हैं। मेंटेनेंस के नाम पर हर महीने बच्चों से 40 से 350 रुपये तक लिए जाते हैं। इसकी रसीद भी दी जाती है। सिर्फ विवाद बढ़ाया जा रहा है। - अब्दुल कलाम, प्रधानाचार्यमदरसे में अतिरिक्त शुल्क वसूली की शिकायत मिली है। छात्रों ने कुछ रसीद उपलब्ध कराई है। मामले की जांच की जा रही है। इस तरह की वसूली बिल्कुल गलत है।जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। - रितेश बिंदल, प्रभारी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, वाराणसी2010 से मदरसे में पढ़ रहे छात्रों से अवैध वसूली की जा रही है। कई बार इसके लिए शिकायत की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जबकि अधिकारियों के भी संज्ञान में इस मामले को लाया गया। इस बार जिलाधिकारी महोदय को भी अवगत कराया गया है। विभाग को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। - नेसार, सदस्य मदरसा कमेटी व शिकायतकर्तामदरसा नियमावली 2016 का उल्लंघन, छात्रों से शुल्क लेना गलतमदरसा नियमावली 2016 के तहत अनुदानित मदरसों में छात्रों से किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जा सकता है। नियमावली के पृष्ठ 5 पर बिंदु 10 च पर यह स्पष्ट अंकित है। लोहता के अलावल क्षेत्र में स्थित फैजूल उलूम मदरसे में इस एक्ट का उल्लंघन बीते 10 वर्षों से किया जा रहा है। हालांकि छात्रों से वसूली साल 2010 से हो रही है।

अमेरिकी चुनाव प्रणाली को घेर रहे थे ट्रंप ब्राजील की जगह

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी चुनाव प्रणाली पर सवाल उठाते हुए ब्राजील के राष्ट्रपति चुनाव का उदाहरण दिया, लेकिन अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में गलती से ब्राजील की जगह भारत का नाम लिख दिया।

पोस्ट में गलती की वजह से अब सोशल मीडिया पर उन्हें ट्रोल किया जा रहा है।अमेरिकी चुनाव प्रणाली पर सवाल उठाने के चक्कर में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में एक बड़ी चूक कर दी।

ब्राजील में हो रहे राष्ट्रपति चुनाव का जिक्र करते समय उन्होंने अपने पोस्ट में गलती से भारत का नाम लिख दिया। इसके बाद सोशल मीडिया यूजर्स ने उनकी इस गलती को लेकर उन्हें जमकर ट्रोल करना शुरू कर दिया।

अमेरिकी चुनाव प्रणाली की आलोचना कर रहे थे ट्रंपदरअसल, ट्रंप ने एक पोस्ट में अमेरिका की चुनाव व्यवस्था की तुलना दूसरे देशों से करते हुए ब्राजील के राष्ट्रपति चुनाव का उदाहरण देने की कोशिश की। लेकिन पोस्ट में ब्राजील की जगह भारत का उल्लेख हो गया।

उन्होंने दावा किया कि भारत में राष्ट्रपति चुनाव के पहले चरण में करीब 12.5 करोड़ लोगों ने मतदान किया और मतदान समाप्त होने के कुछ ही समय बाद उसी दिन चुनाव परिणाम भी सामने आ गए।

ट्रंप ने अपनी पोस्ट में अमेरिका के डेट्रॉइट, फिलाडेल्फिया, कैलिफोर्निया और दूसरे शहरों व राज्यों में मतों की गिनती में लगने वाले समय पर सवाल उठाया। उन्होंने तंज कसते हुए लिखा कि जहां मतदाताओं की संख्या तुलनात्मक रूप से कम है,

वहां भी परिणाम आने में कई सप्ताह लग जाते हैं। इसी संदर्भ में उन्होंने अमेरिकी चुनावों में कथित धांधली का आरोप भी लगाया।ट्रंप की पोस्ट में भारत का नाम क्यों आया?

ट्रंप की पोस्ट का मकसद अमेरिकी चुनाव प्रक्रिया पर निशाना साधना था, लेकिन इसी दौरान भारत और ब्राजील के नाम को लेकर उनसे गलती हो गई। सोशल मीडिया पर यह गलती तेजी से चर्चा का विषय बन गई।

कई यूजर्स ने पोस्ट के स्क्रीनशॉट साझा करते हुए ट्रंप की जानकारी और उनके दावों पर सवाल उठाए। हालांकि, भारत का नाम लिखना एक मानवीय भूल माना जा सकता है,

लेकिन ट्रंप के सार्वजनिक बयानों में इससे पहले भी कई ऐसी गलतियां सामने आती रही हैं, जिन पर सोशल मीडिया पर खूब चर्चा हुई है।

जापान को लेकर भी कर चुके हैं ट्रंप
हालांकि ऐसा पहली बार नहीं है जब ट्रंप से ऐसी गलती हुई है। इससे पहले भी वह कई अन्य मौके पर ट्रंप ने जापान का जिक्र करते हुए उसे गलती से 'इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ जापान' कह दिया था।

यह बयान सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने खूब मजाक उड़ाया था। इतना ही नहीं ट्रंप ने एक बार गलती से यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की की जगह उन्हें व्लादिमीर पुतिन कह दिया था।

सिंगर, कमेंटेटर और एनआरए बोर्ड मेंबर

अब एफबीआई चीफ काश पटेल की बनी मंगेतर, कौन हैं एलेक्सिस विल्किंस?

एफबीआई डायरेक्टर काश पटेल ने गर्लफ्रेंड एलेक्सिस विल्किंस से सगाई कर ली है। दोनों 2023 से रिलेशनशिप में हैं। आइए जानते हैं आखिर कौन हैं काश पटेल की मंगेतर एलेक्सिस विल्किंस और कैसी रही उनकी लव स्टोरी?

फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) के डायरेक्टर काश पटेल और उनकी गर्लफ्रेंड एलेक्सिस विल्किंस की सगाई हो गई है। उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया पर यह खबर शेयर की। विल्किंस ने पटेल के साथ एक फोटो शेयर की और अपनी नई डायमंड रिंग दिखाई।

इसके साथ ही उन्होंने मजाक में फोटो का कैप्शन लिखा, 'अब मामला कानून के हाथ में है।' पटेल और विल्किंस 2023 से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। वहीं, दोनों की उम्र में लगभग 18 साल का फर्क है। पटेल ने फरवरी 2025 में एफबीआई डायरेक्टर के तौर पर शपथ ली थी और उस समय विल्किंस भी वहां मौजूद थीं।

एलेक्सिस विल्किंस एक कंट्री सिंगर और पॉलिटिकल कमेंटेटर हैं। उन्होंने अपने बचपन का कुछ समय इंग्लैंड और स्विट्जरलैंड में बिताया, लेकिन वे मुख्य रूप से अमेरिका के अर्कांसस में पली-बढ़ीं। जुलाई 2025 में 'द मेगिन केली शो' में उन्होंने बताया कि उन्हें यूरोप में रहना पसंद था, लेकिन रहने के लिए अर्कांसस उनकी पसंदीदा जगह है। प्रेगर यूनिवर्सिटी फाउंडेशन के लिए बनाए गए एक वीडियो में विल्किंस ने बताया कि उनकी परवरिश एक ईसाई परिवार में हुई थी और वे अपने माता-पिता की इकलौती संतान हैं।

कहां से की पढ़ाई?
विल्किंस ने 2020 में नैशविले की बेलमोंट यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन किया। उनके लिंक्डइन प्रोफाइल के अनुसार, उन्होंने बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में बैचलर डिग्री हासिल की। पढ़ाई के दौरान, वह यूनिवर्सिटी की एथिक्स डिबेट टीम का हिस्सा रहीं। उन्हें विलियम्स-मरे राइटिंग अवॉर्ड और इकोनॉमिक्स क्रिटिकल थिंकिंग अवॉर्ड भी मिला।

सिंगिंग के साथ-साथ राजनीति में भी एक्टिव
विल्किंस के अनुसार, वह अगस्त 2007 से रिकॉर्डिंग आर्टिस्ट, परफॉर्मर और राइटर के तौर पर काम कर रही हैं। उन्होंने अप्रैल 2023 में अपना पहला एल्बम, EP 'ग्रिट' (Grit) रिलीज किया। वह राजनीतिक मुद्दों पर भी अपनी राय रखती हैं।

लिंक्डइन के अनुसार, वह मई 2025 से 'द अमेरिकन बॉर्डर स्टोरी' के लिए कंसल्टेंट रही हैं। वह जून 2025 से नेशनल राइफल एसोसिएशन (NRA) की बोर्ड मेंबर भी रही हैं। वह 'टर्निंग पॉइंट USA' की एंबेसडर और 'द यूनिटी प्रोजेक्ट' की कॉन्ट्रिब्यूटर भी हैं।

पटेल से कैसे हुई मुलाकात?
विल्किंस ने 'मेगिन केली शो' में बताया कि वह पटेल से पहली बार नैशविले में एक दोस्त के घर पर मिली थीं। उन्होंने कहा कि पटेल की ईमानदारी ने उन्हें पहली ही नजर में प्रभावित किया था। हालांकि, उनकी मुलाकात की सही तारीख पता नहीं है।

देशभक्ति को लेकर भी दोनों की सोच एक जैसी है। विल्किंस ने बताया कि उनका रिश्ता पटेल के एफबीआई डायरेक्टर बनने से बहुत पहले ही शुरू हो गया था। जुलाई 2025 में, उन्होंने बताया कि वे ढाई साल से ज्यादा समय से साथ थे, और उस दौरान उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि पटेल एफबीआई चीफ बनेंगे।

युद्धविराम के बीच खान यूनिस में हमला

इस्राइली सेना (आईडीएफ) ने गाजा के खान यूनिस इलाके में अलग-अलग हमलों में हमास के मिलिट्री विंग कमांडर मुआद जमाल अबू नुसेरा और ऑब्जर्वेशन यूनिट के महमूद इब्राहिम डिब अलयान को मार गिराने का दावा किया। इस्राइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने रविवार (स्थानीय समय) को कहा कि उसने गाजा पट्टी के खान यूनिस इलाके में अलग-अलग हमलों में हमास की मिलिट्री विंग के एक कमांडर और ग्रुप की ऑब्जर्वेशन यूनिट के एक लड़ाके को मार गिराया।

बयान में क्या बताया गया है?

टेलीग्राम पर एक बयान में, आईडीएफ ने कहा कि उसने रविवार को पहले खान यूनिस इलाके में हमला किया। हमास की मिलिट्री विंग के कमांडर मुआद जमाल अबू नुसेरा को मार गिराया। इसमें कहा गया है कि शनिवार को एक अलग हमले में, उसने महमूद इब्राहिम डिब अलयान को मार गिराया, जिसे उसने हमास की ऑब्जर्वेशन यूनिट का लड़ाका बताया।

कौन था अलयान?

आईडीएफ के अनुसार,अलयान की पहचान हाल ही में 'येलो लाइन' इलाके में आईडीएफ सैनिकों के खिलाफ गतिविधियों को आगे बढ़ाने और हमास की क्षमताओं को बहाल करने के लिए काम करने वाले व्यक्ति के तौर पर हुई थी। आईडीएफ ने कहा कि यह युद्धविराम समझौते का व्यवस्थित उल्लंघन था।

आईडीएफ ने कहा कि हमलों से पहले नागरिकों को होने वाले नुकसान को कम करने के लिए कदम उठाए गए थे, जिसमें सटीक हथियारों और हवाई निगरानी का इस्तेमाल शामिल था।आईडीएफ ने आगे कहा कि समझौते के अनुसार दक्षिणी कमान के तहत सैनिक इलाके में तैनात हैं और वे उन खतरों के खिलाफ अभियान जारी रखेंगे जिन्हें उसने 'तत्काल खतरे' बताया है।

आईडीएफ ने क्या आरोप लगाया?
इससे पहले, आईडीएफ ने कहा कि उसने खान यूनिस इलाके में भी हमला किया और साक्र नबील मूसा कैसी को मार गिराया, जिसे उसने हमास का नुखबा लड़ाका बताया।

आईडीएफ ने कहा कि कैसी 7 अक्तूबर के नरसंहार के दौरान इस्राइली इलाके में घुस आया था। इसके साथ ही आरोप लगाया कि वह तुर्की संगठन 'डेनिज फेनेरी' का डायरेक्टर भी था, जो खुद को मानवीय सहायता संगठन बताता है। लेकिन असल में हमास लड़ाके संगठन के सीनियर नेताओं और तुर्की नेतृत्व के कुछ लोगों के साथ संबंध रखता है।

आर्थिक मदद करने का करता था काम
आईडीएफ ने आगे आरोप लगाया कैसी, 'संगठन में अपनी भूमिका के तहत, वह लड़ाके नियमित रूप से कई लड़ाको को काम पर रखने और हमास के लड़ाके को आर्थिक मदद देने का काम करता था। संगठन और उसके वरिष्ठ नेता अपनी गतिविधियों को मानवीय प्रयासों के तौर पर पेश करते हैं, लेकिन असल में वे हमास लड़ाके संगठन की मदद के लिए फंड जुटाने को बढ़ावा देते हैं।'

आईडीएफ ने इस कथित गतिविधि को हमास की सैन्य गतिविधियों में मदद के लिए मानवीय क्षेत्र का गलत इस्तेमाल बताया। आईडीएफ ने कहा कि कैसी ने युद्ध के दौरान उसके सैनिकों और इस्राइली नागरिकों के खिलाफ गतिविधियां तेज की थीं। हमास की क्षमताओं को फिर से बनाने का काम किया था, जिसे उसने युद्धविराम का उल्लंघन बताया।

इंडियन ऑयल: 300 से अधिक अप्रेंटिस पदों पर भर्ती, आईटीआई से ग्रेजुएट तक के लिए मौका, इस तारीख तक करें आवेदन

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया ने वेस्टर्न रीजन में 335 अप्रेंटिस पदों पर भर्ती निकाली है। आईटीआई, डिप्लोमा और ग्रेजुएट उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। चयन बिना लिखित परीक्षा और इंटरव्यू के मेरिट से होगा। आवेदन की अंतिम तारीख 4 नवंबर 2026 है।सरकारी कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (IOCL) में अप्रेंटिस करने का मौका है। कंपनी के वेस्टर्न रीजन ने टेक्निकल और नॉन-टेक्निकल अप्रेंटिस के 335 पदों पर भर्ती निकाली है। खास बात यह है कि इन पदों पर चयन के लिए लिखित परीक्षा या इंटरव्यू नहीं होगा। उम्मीदवारों का चयन संबंधित योग्यता में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार मेरिट लिस्ट से किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 5 अक्तूबर 2026 से शुरू हो गई है। इच्छुक और पात्र उम्मीदवार 4 नवंबर 2026 शाम 5 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। नोट कर लें सभी जरूर तारीखें उम्मीदवार 5 अक्तूबर 2026 से 4 नवंबर 2026 शाम 5 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस भर्ती में आवेदन के लिए कोई शुल्क नहीं रखा गया है। भर्ती से जुड़ी जरूरी जानकारी एक नजर में 335 अप्रेंटिस पदों पर भर्ती महाराष्ट्र, गुजरात, गोवा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और केंद्रशासित प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव में विभिन्न स्थानों के लिए है। इस भर्ती में कुल 335 अप्रेंटिस सीटें हैं। इनमें टेक्नीशियन, ट्रेड, ग्रेजुएट और डाटा एंट्री ऑपरेटर अप्रेंटिस के पद शामिल हैं। राज्यवार देखें तो महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 149 पद हैं। गुजरात और मध्य प्रदेश में 57-57, जबकि गोवा, छत्तीसगढ़, दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव में 18-18 पद हैं। सबसे खास बात- नहीं देना होगा कोई एग्जाम इस भर्ती में उम्मीदवारों के चयन के लिए कोई लिखित परीक्षा और इंटरव्यू नहीं होगा। संबंधित पद के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता में उम्मीदवार के प्रतिशत के आधार पर मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी। मेरिट में आने वाले उम्मीदवारों को आगे डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए बुलाया जाएगा। इसके अलावा अप्रेंटिसशिप शुरू करने से पहले उम्मीदवार को निर्धारित मानकों के अनुसार प्री-एंगेजमेंट मेडिकल फिटनेस टेस्ट भी पास करना होगा। कितने समय की होगी ट्रेनिंग? चयनित उम्मीदवारों की अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग की अवधि 12 महीने होगी। इस दौरान उन्हें अप्रेंटिसशिप नियमों के तहत निर्धारित स्टाइपेंड दिया जाएगा। हालांकि, अप्रेंटिसशिप पूरी करने के बाद IOCL में स्थायी नौकरी मिलने का कोई दावा या अधिकार नहीं होगा। यानी इसे ट्रेनिंग और व्यावहारिक अनुभव हासिल करने का अवसर समझना चाहिए, सीधे नौकरी की गारंटी नहीं।

त्रपित बंसल: एआई की दुनिया में रचा इतिहास, मेटा से

नामेटा से मिला आठ सौ करोड़ का पैकेज; कैसे मिली कामयाबी ओपनएआई के चर्चित o1 रीजनिंग मॉडल की नींव रखने वाले त्रपित बंसल ने एआई को सिर्फ तेज नहीं, बल्कि जवाब देने से पहले 'सोचना' सिखाया। जब त्रपित ने आईआईटी में कदम रखा, तब शायद उन्होंने भी नहीं सोचा होगा कि एक दिन वह एआई की दुनिया की सबसे बड़ी प्रयोगशाला और 800 करोड़ के पैकेज तक पहुंचेंगे।साल 2007। आईआईटी, कानपुर का कैंपस। एक युवा इस प्रतिष्ठित संस्थान में दाखिला लेता है। 2012 में डिग्री पूरी करने के बाद वह बंगलूरू के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, (आईआईएससी) पहुंचा, जहां मशीन लर्निंग लैब में रिसर्च असिस्टेंट बनकर उसने एआई की दुनिया में कदम रखा। यह वह दौर था, जब दुनिया एआई से पूरी तरह वाकिफ भी नहीं थी, लेकिन वह युवा उन लोगों में से एक था, जो एआई के भविष्य की नींव रख रहे थे औरअक्सर देखा गया है कि इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले अधिकतर छात्र कंप्यूटर

हर दिन एआई से जुड़ा कुछ न कुछ नया सीख रहे थे। सीखने की इसी ललक ने उसे अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ मैसाचुसेट्स एमहर्स्ट पहुंचाया, जहां उसने कंप्यूटर साइंस में मास्टर्स और पीएचडी की।इसके बाद उसने फेसबुक, गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और ओपनएआई जैसी दिग्गज तकनीकी प्रयोगशालाओं में रिसर्च इंटर्नशिप की। उसका मकसद अपने हुनर को निखारना और अपने विषय की गहराई को समझना था। फिर मेटा ने अपनी महत्वाकांक्षी 'सुपरइंटेलिजेंस' टीम के लिए उसे चुना। इस युवा का नाम है त्रपित बंसल। मीडिया रिपोर्टों में उनका पैकेज करीब 800 करोड़ रुपये बताया गया। त्रपित की कहानी बताती है कि शॉर्टकट भले जल्दी आगे ले जाए, लेकिन गहरी समझ, लगातार सीखना और वर्षों की मेहनत ही आपको वहां पहुंचाती है, जहां पहुंचना दूसरों को असंभव लगता है।

अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पेश किए शोध अपनी पीएचडी और रिसर्च कॅरिअर के दौरान उन्होंने दुनिया के प्रतिष्ठित मंचों-जैसे इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन लर्निंग रिप्रेजेंटेशंस (आईसीएलआर), एनुअल मीटिंग ऑफ द एसोसिएशन फॉर कंप्यूटेशनल लिंग्विस्टिक्स (एसीएल) और कॉन्फ्रेंस ऑन इंपीरिकल मेथड्स इन नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग (ईएमएनएलपी) पर शोध पत्र प्रस्तुत किए। उनका शोध 'इमर्जेंट कॉम्प्लेक्सिटी वाया मल्टी-एजेंट कॉम्पिटिशन' एआई एजेंटों के जटिल व्यवहार को समझने में एक मील का पत्थर माना जाता है। त्रपित के एक प्रसिद्ध शोध पत्र ने मशीन लर्निंग की दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित सम्मेलनों में से एक आईसीएलआर-2018 में सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र का पुरस्कार जीता।कंसल्टिंग से शुरुआत अकादमिक शोध में जाने से पहले उन्होंने 2012-2013 में गुरुग्राम में एक्सेंचर में एक विश्लेषक के रूप में अपने पेशेवर कॅरिअर की शुरुआत की थी। त्रपित ने जनवरी 2022 में ओपनएआई को बतौर शोधकर्ता जॉइन किया। उन्होंने ओपनएआई के बहुचर्चित o1 रीजनिंग मॉडल, जिसे प्रोजेक्ट स्ट्रॉबेरी/क्यू के नाम से भी जाना गया, के विकास में बुनियादी योगदान दिया। त्रपित ने केवल बड़े मॉडल प्रशिक्षित करने पर नहीं, बल्कि इस बात पर शोध किया कि एआई मॉडल जवाब देने से पहले खुद सोचने में अधिक समय कैसे खर्च कर सकता है। यही विचार ओपनएआई o1 की सफलता की रीढ़ बना। त्रपित ने रीइन्फोर्समेंट लर्निंग और एआई रीजनिंग पर सीधे कंपनी के पूर्व चीफ साइंटिस्ट इल्या सुतस्केवर के साथ काम किया।श्विक एआई विशेषज्ञों के साथ रिसर्च उनके सबसे दिलचस्प शुरुआती शोधों में से एक में कृत्रिम बुद्धिमत्ता से लैस मशीनों को एक-दूसरे के विरुद्ध प्रतिस्पर्धा कराई गई। इससे यह समझने की कोशिश की गई कि मशीनें अपने अनुभव से जटिल व्यवहार कैसे सीख सकती हैं। वह मेटा में लुकास बायर, अलेक्सांद्र कोलेस्निकोव और शियाओहुआ झाई जैसे वैश्विक विजन और डीप लर्निंग विशेषज्ञों के साथ मिलकर अगली पीढ़ी के फ्रंटियर मॉडल्स पर काम कर रहे हैं।सफलता के पीछे न भागें, बल्कि कॅरिअर में हर पड़ाव से सीखते हुए आगे बढ़ें। विशेषज्ञता केवल अनुभव से नहीं, बल्कि किसी विषय को गहराई से समझने से आती है। सवाल पूछने और नई चीजें खोजने की आदत विकसित करें।

आईआईटी मद्रास में शोध करने का मौका:

पीएचडी और एमएस के लिए आवेदन शुरू, जानें योग्यता, फीस और अंतिम तिथि

आईआईटी मद्रास ने जनवरी 2027 सत्र के लिए पीएचडी और एमएस शोध कार्यक्रमों में प्रवेश के आवेदन शुरू कर दिए हैं। योग्य उम्मीदवार 30 अक्तूबर शाम 5 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर होगा। यहां आवेदन शुल्क, योग्यता और प्रवेश प्रक्रिया की पूरी जानकारी जानें। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास यानी आईआईटी मद्रास ने जनवरी 2027 शैक्षणिक सत्र के लिए पीएचडी और एमएस शोध कार्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू कर दी है। संस्थान ने योग्य उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं। जो उम्मीदवार शोध के क्षेत्र में आगे पढ़ाई करना चाहते हैं, उनके लिए यह महत्वपूर्ण अवसर है। आवेदन शुल्क उम्मीदवार की श्रेणी और लिंग के आधार पर अलग - अलग निर्धारित किया गया है।

आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन होगी और उम्मीदवार आईआईटी मद्रास की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यमसे अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। इन कार्यक्रमों के तहत अभ्यर्थियों को इंजीनियरिंग, विज्ञान, मानविकी सामाजिक विज्ञान और प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में शोध करने का अवसर मिलेगा।आईआईटी मद्रास के पीएचडी और एमएस शोध कार्यक्रमों के लिए आवेदन की प्रक्रिया 30 अक्तूबर 2026 शाम 5 बजे तक जारी रहेगी। उम्मीदवारों को निर्धारित समय सीमा के भीतर ऑनलाइन आवेदन पूरा करना होगा। अंतिम समय में तकनीकी समस्या या वेबसाइट पर अधिक दबाव से बचने के लिए अभ्यर्थियों को समय रहते आवेदन करने की सलाह दी जाती है। आवेदन जमा करने से पहले उम्मीदवारों को अपनी पात्रता और संबंधित कार्यक्रम की आवश्यकताओं की जांच कर लेनी चाहिए। आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद संस्थान उम्मीदवारों के चयन के अगले चरण की जानकारी उपलब्ध कराएगा। सामान्य, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और अन्य पिछड़ा वर्ग गैर-क्रीमी लेयर के पुरुष उम्मीदवारों को 1,000 रुपये आवेदन शुल्क देना होगा। इन्हीं श्रेणियों के ट्रांसजेंडर उम्मीदवारों के लिए भी 1,000 रुपये शुल्क निर्धारित है।

छत्तीसगढ़: 2292 पदों वाली सहायक शिक्षक भर्ती का प्रवेश-पत्र जारी, कहां से करें डाउनलोड, कब है परीक्षा?

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा का प्रवेश पत्र अब जारी हो चुका है। कुल 2,292 पदों के लिए परीक्षा 11 अक्तूबर को होने वाली है। जो भी अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होने वाले हैं उन्हें अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर उसमें दर्ज सभी जानकारियां चेक कर लेनी चाहिए। छत्तीसगढ़ में सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रहे उम्मीदवारों के लिए अहम अपडेट है। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा 2026 का प्रवेश पत्र 5 अक्तूबर 2026 को जारी कर दिया गया है। जिन उम्मीदवारों ने इस भर्ती के लिए आवेदन किया है, सहायक शिक्षक भर्ती की लिखित परीक्षा 11 अक्तूबर 2026, रविवार को सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक आयोजित होगी। इस भर्ती के जरिए कुल 2,292 पदों पर नियुक्ति की जानी है। परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों के लिए प्रवेश पत्र बेहद जरूरी दस्तावेज है। इसलिए इसे डाउनलोड करने के बाद उसका प्रिंट निकालकर सुरक्षित रख लेना चाहिए।



परीक्षा कब और कितने बजे होगी?

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक भर्ती की लिखित परीक्षा 11 अक्तूबर 2026 को होगी। परीक्षा का आयोजन सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक किया जाएगा। परीक्षा केंद्र पर पहुंचने से पहले उम्मीदवार प्रवेश पत्र में दिए गए रिपोर्टिंग समय और अन्य निर्देशों को ध्यान से पढ़ लें। अगर परीक्षा केंद्र दूसरे शहर या जिले में है, तो वहां पहुंचने की योजना पहले ही बना लेना बेहतर रहेगा।

सीड 2027: आईआईटी से डिजाइन में स्नातकोत्तर करनी है?

आज शाम खुलेगी आवेदन विंडो, इस तारीख तक जरूर भर दें फॉर्म

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बॉम्बे (आईआईटी बॉम्बे) आज यानी 1 अक्तूबर 2026 को शाम 5 बजे से सीड 2027 के लिए पंजीकरण शुरू करेगा। आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। इच्छुक अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइटceed.iitb.ac.in पर जाकर आवेदन कर सकेंगे।सीड 2027 के लिए बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के आवेदन करने की अंतिम तारीख 31 अक्तूबर 2026 है। इसके बाद भी अभ्यर्थियों को आवेदन का मौका मिलेगा। वे 1 नवंबर से 6 नवंबर 2026 तक 500 रुपये के अतिरिक्त विलंब शुल्क के साथ पंजीकरण कर सकेंगे।आईआईटी बॉम्बे की सीड की आधिकारिक वेबसाइटceed.iitb.ac.in पर जाएं।पंजीकरण के विकल्प पर क्लिक करेंऑनलाइन माध्यम से आवेदन शुल्क का भुगतान करें।

सीड 2027 की परीक्षा कब होगी? सीड 2027 परीक्षा 17 जनवरी 2027 को आयोजित की जाएगी। परीक्षा कंप्यूटर आधारित परीक्षा के रूप में होगी। इस परीक्षा के माध्यम से प्रवेश लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों को निर्धारित समय के भीतर पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करनी होगी। आवेदन शुल्क कितना देना होगा? सीड 2027 के लिए अलग-अलग श्रेणियों के अभ्यर्थियों का आवेदन शुल्क इस प्रकार है: महिला अभ्यर्थी: 2,000 रुपये

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और दिव्यांग अभ्यर्थी: 2,000 रुपये अन्य सभी अभ्यर्थी: 4,000 रुपये विलंब शुल्क: निर्धारित शुल्क के अलावा 500 रुपये आवेदन शुल्क का भुगतान ऑनलाइन किया जा सकता है। इसके लिए क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग, यूपीआई और बैंकिंग वॉलेट जैसे माध्यम उपलब्ध होंगे।आवेदन करते समय किन दस्तावेजों की जरूरत होगी? सीड 2027 का आवेदन फॉर्म भरने से पहले अभ्यर्थियों को जरूरी दस्तावेज तैयार रखने चाहिए। आवेदन प्रक्रिया के दौरान इन दस्तावेजों की स्कैन की गई प्रतियां अपलोड करनी होंगी। जरूरी दस्तावेजों में शामिल हैं: अभ्यर्थी का फोटो अभ्यर्थी के हस्ताक्षर की स्कैन की गई प्रत लागू होने पर श्रेणी प्रमाण पत्र की स्कैन की गई प्रतिडिग्री या डिप्लोमा प्रमाण पत्र की स्कैन की गई प्रति दिव्यांगता प्रमाण पत्र की प्रतिमांगी गई व्यक्तिगत और शैक्षणिक जानकारी भरें। इसमें नाम, जन्मतिथि, लिंग, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी, श्रेणी और शैक्षणिक योग्यता जैसी जानकारी शामिल होगी।

मिस्टर बीस्ट: भारत की मेहमान नवाजी ने जीता अमेरिकी यूट्यूबर का दिल; रणबीर कपूर के साथ साझा किए यात्रा के फोटोज

भारत यात्रा ने मिस्टर बीस्ट का दिल जीत लिया है। ताज के दीदार से रणबीर कपूर की फिल्म 'रामायण' के इवेंट में शिरकत करने तक की झलकियां उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। मशहूर अमेरिकी यूट्यूबर मिस्टर बीस्ट बीते दिनों भारत यात्रा पर आए थे। यहां वे रणबीर कपूर की आगामी फिल्म 'रामायण' के इवेंट में भी शामिल हुए। अब मिस्टर बीस्ट ने भारत यात्रा की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। उन्होंने इस यात्रा को शानदार बताया है।

रणबीर और हार्दिक पांड्या संग शेयर कीं फोटोज

अमेरिका के मशहूर यूट्यूबर मिस्टरबीस्ट ने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने तस्वीरों के जरिए अपनी भारत यात्रा की झलक दिखाई है। तस्वीरों में उनके साथ बॉलीवुड स्टार रणबीर कपूर, क्रिकेटर हार्दिक पांड्या और मशहूर भारतीय यूट्यूबर अजेय नागर और पायल धारे नजर आ रहे हैं।

भारत यात्रा पर गदगद यूट्यूबर

मिस्टरबीस्ट ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा है, 'भारत की यात्रा शानदार रही'। इसके साथ एक रेड हार्ट इमोजी बनाया है। बता दें कि पिछले महीने मिस्टरबीस्ट ने फैंस को तब हैरान कर दिया, जब वे एक खास इवेंट में बॉलीवुड स्टार रणबीर कपूर की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रामायण' की टीम के अन्य सदस्यों से मिले।

काजल राघवानी ने खोले भोजपुरी इंडस्ट्री के राज

राइज एंड फॉल 2' की कंटेस्टेंट काजल राघवानी ने हाल ही में को-कंटेस्टेंट से बात करते हुए आम्रपाली दुबे पर कई आरोप लगाए। आइए जानते हैं कि काजल ने क्या कहा।रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल 2' जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा है। कंटेस्टेंट गेम खेलने के साथ-साथ अपनी निजी जिंदगी के बारे में भी एक-दूसरे को बता रहे हैं। हाल ही में सारा गुरपाल के साथ बात करते हुए भोजपुरी अभिनेत्री काजल राघवानी ने आम्रपाली दुबे संग अपने पुराने प्रोफेशनल रिश्ते को लेकर बात की और बताया कि भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में उनके साथ कैसा व्यवहार हुआ।रअसल, जब काजल से पूछा गया कि क्या उन्होंने पहले आम्रपाली के साथ काम किया है और क्या दोनों के बीच कभी कोई विवाद हुआ था। इस पर काजल ने आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें कई फिल्मों से निकाल दिया गया था। एक्ट्रेस ने यह भी दावा किया कि बाद में उनको पता चला कि इनमें से कुछ फैसलों के पीछे आम्रपाली का हाथ था।काजल ने कहा कि अगर वह किसी फिल्म में काम कर रही होती थीं और उसमें उनका कोई गाना अच्छा और फेमस हो जाता था, तो कई बार वह गाना आम्रपाली को दे दिया जाता था। अभिनेत्री ने कहा, 'वो जिनके साथ रेगुलर काम करती है, वो एक एक्टर है और वो उनकी ही ज्यादातर फिल्में करती है। मुझे कई फिल्मों से निकाला गया था। फिर मेरे पास वो चीजें आई हैं कि हां, इन्होंने निकाला।"अपनी बात जारी रखते हुए काजल ने आगे कहा, 'अगर मैं कोई फिल्म कर रही हूं और उसमें कोई गाना अच्छा आ गया, तो वो गाना अपने पर शिफ्ट करवा लेते थे। तो यही सब चीजें थीं।' एक्ट्रेस ने कहा कि इन मुद्दों पर बोलने की उनकी अपनी वजह थी।एक्ट्रेस ने कहा कि जब उन्होंने इस बारे में बात की तो कई लोगों को उनकी बात बुरी लगी। काजल ने कहा, 'मैंने जो भी है, वो जेनुइन रीजन रखा। तो लोगों को मिर्ची लग गई, बुरा लग गया।'काजल ने किया किसका जिक्र? काजल ने आगे अपनी और आम्रपाली की इंडस्ट्री में स्थिति की तुलना करते हुए कहा कि आम्रपाली के पीछे एक स्टार का सपोर्ट था, जिसकी वजह से वह ये चीजें कर पा रही थीं। एक्ट्रेस ने कहा, 'आपके पास एक स्टार है आपके पीछे, तो आप ये चीजें कर पा रही हैं। मैं नहीं कर पा रही थी।' अब ऐसा माना जा रहा है कि काजल यहां एक्टर दिनेश लाल यादव की तरफ इशारा कर रही थीं। हालांकि, उन्होंने नाम किसी का नहीं लिया।बता दें कि 'राइज एंड फॉल सीजन 2' को बनिजय एशिया

खतरों के खिलाड़ी 15 मैंने कभी हार नहीं मानी

स्टंट रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी 15' अभिनेता अविनाश मिश्रा ने जीता है। उनके नाम का जैसे ही एलान हुआ, खुशी से उनके आंसू छलक आए। ट्रॉफी जीतने के बाद उन्होंने खुशी जताई है और अपने दस वर्षों के सफर पर बात की। रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी' के 15वें सीजन के विजेता अविनाश मिश्रा बने हैं। इस शो को रोहित शेट्टी होस्ट करते हैं। रविवार को रोहित ने विजेता के रूप में अविनाश के नाम का एलान किया तो एक्टर भावुक हो गए। बता दें कि अविनाश मिश्रा ने ग्रैंड फिनाले में अभिनेता ऋत्विक धनजानी और ओरहान अवत्रामणि (ओरी) को हराया है। ट्रॉफी पर कब्जा जमाने के बाद उन्होंने अपनी खुशी शेयर की है। ट्रॉफी मिलने पर भावुक हो गए अविनाश कई महीनों तक चले मुश्किल स्टंट और चुनौतीपूर्ण टास्क के बाद अविनाश मिश्रा रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी 15' के विनर बने हैं। होस्ट रोहित शेट्टी से ट्रॉफी लेते समय एक्टर की आंखों में आंसू आ गए। बता दें कि स्टंट-बेस्ड रियलिटी शो पिछले साल प्रसारित नहीं हुआ था। करीब दो साल के अंतराल के बाद अपनी इसने वापसी की। अविनाश के ट्रॉफी जीतने के साथ ही इस सीजन का अंत हो गया। ऋत्विक धनजानी और ओरहान अवत्रामणि (ओरी) क्रमशः पहले और दूसरे रनर-अप रहे।बोले- 'पहली बार कोई अवॉर्ड जीता है'विनर के रूप में अविनाश के नाम का एलान रोहित शेट्टी ने किया। अपना नाम सुनते ही वे रोने लगे। इसके बाद अविनाश ने अपनी इस कामयाबी के बारे में बात करते हुए रोहित शेट्टी से कहा कि पिछले दस वर्षों में उन्हें कई किरदारों के लिए नॉमिनेट किया गया। वे कई अवॉर्ड फंक्शन में शामिल हुए, लेकिन यह पहली बार था जब उन्होंने सच में कोई अवॉर्ड जीता।कभी हार न मानने के जज्बे को बताया जीत की वजह अविनाश ने लिखा 10 साल का सफर। 10 साल तक डटे रहना। और. आज, आखिरकार मेरे हाथ में मेरी पहली ट्रॉफी है। शायद असली जीत यही थी कि मैंने कभी हार नहीं मानी'। इसमें फ्रैंचाइजी के अनुभवी खिलाड़ी नए दौर के कंटेस्टेंट्स के आमने-सामने आए। खतरों के खिलाड़ी के 15वें सीजन में रुबिना दिलैक, ऋत्विक धनजानी, करण वाही और जैस्मीन भसीन सहित प्रतियोगी लौटे। शो में नए प्रतियोगियों में अविनाश मिश्रा, ओरी और रूहानिका धवन शामिल थे।

बिग बॉस: शो से बाहर होते ही रीति ने किया काजी के लिए पोस्ट, दिखाया रॉकस्टार का दिया तोहफा, कौन बना नया कैप्टन

मनोज तिवारी की बेटी रीति का रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' से सफर खत्म हो गया है। वहीं, घर को उसका नया कैप्टन भी मिल गया है। आइए जानते हैं वो कौन बना है।'बिग बॉस 20' के घर में इस हफ्ते काफी हलचल देखने को मिली। शो में मिड वीक एविक्शन हुआ, तो साथ ही घर को नया कैप्टन भी मिल गया। दरअसल, पिछले कुछ दिनों से खबरें आ रही थी कि मनोज तिवारी की बेटी रीति शो से बाहर हो गई हैं और अब यह कन्फर्म हो गया है। बता दें कि शो शुरू होने के बाद एक महीने के अंदर ही यह तीसरा एविक्शन हुआ।इससे पहले रोहैद और ईशा रिखी कम वोट मिलने की वजह से पहले ही बाहर हो चुके हैं। बात करें रीति की, तो रियलिटी शो के अंदर उनका सफर काफी उतार-चढ़ाव भरा

काजी ने रीति को दिया खास तोहफा?'बिग बॉस 20' हाउस से जाते वक्त काजी तौकीर ने रीति को गले लगाया और उन्हें अपनी छोटी बहन बताया। काजी ने कहा कि वह वाइल्ड कार्ड के तौर पर वापस आ सकती है। सिर्फ इतना ही नहीं, रॉकस्टार ने रीति को जाते हुए अपनी रिंग और परफ्यूम भी तोहफे में दिए। वहीं, रीति ने भी शो से बाहर होते ही सबसे पहले काजी के लिए पोस्ट किया और उसमें तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, 'मैं तुम्हारे साथ हूं और जब मैं वापस आऊंगी, तो मैं फिर से तुम्हारा साथ दूंगी।'बता दें कि इस हफ्ते कैप्टन बनने की रेस में माही विज, यंग और उदिति मजबूत दावेदार थे।ऐसे में 'बिग बॉस' ने तीनों को बुलाकर नॉमिनेटेड कंटेस्टेंट्स में से किसी एक को चुनने के लिए कहा,

डिगर: 19 साल में टॉम क्रूज की सबसे कमजोर

फिल्म 'डिगर' में टॉम क्रूज का अंदाज दर्शकों को आकर्षित करने में नाकाम रहा। फिल्म का वर्ल्ड वाइड कलेक्शन भी मेकर्स की जेब भरने में नाकाम रहा। यह क्रूज जैसे सुपरस्टार के लिए बेहद निराशा भरी फिल्म साबित हो रही है। फिल्म 'डिगर' की कमाई बॉक्स ऑफिस पर काफी धीमी चल रही है। इस बहुप्रतिक्षित फिल्म का कलेक्शन उम्मीद से काफी कम है। यहां तक कि फिल्म वीकेंड होने के बाद भी संतोष जनक कलेक्शन नहीं कर पाई। हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज के लिए निराशा एक्टर टॉम क्रूज दुनियाभर में मशहूर हैं। मगर यह फिल्म 'डिगर' उनके करियर की सबसे कम कमाई करने वाली फिल्म बनती जा रही है। यह फिल्म एक्टर की 19 वर्षों में अपने ओपनिंग डे पर सबसे कम कमाई करने वाली फिल्म है। फिल्म 'डिगर' 2 अक्टूबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। टॉम इसमें डिगर रॉकवेल की भूमिका निभाई है। इस रोल के लिए क्रूज ने अपने फिजिक से लेकर मेकअप में कई बदलाव किये थे। सैंड्रा हूलर, जॉन गुडमैन, माइकल स्टुहलबर्ग, जेसी प्लेमन्स, सोफी वाइल्ड, रिज अहमद और एम्मा डी'आर्सी भी इस फिल्म में अहम हिस्सा हैं।जट पर भारी पड़ रहा कलेक्शन फिल्म 'डिगर' टॉम क्रूज की महत्तवकांक्षी फिल्म है। इस ब्लैक कॉमेडी फिल्म का बजट 160 मिलियन से 180 मिलियन बजट है।



फिल्म ने अब तक सिर्फ 8 मिलियन का कलेक्शन किया है। बॉक्स ऑफिस कलेक्शन देखते हुए अब मेकर्स के लिए फिल्म की लागत निकाल पाना भी मुश्किल लग रहा है। इसका सीधा असर पैरामाउंट स्काईडांस के साथ स्टूडियो के 111 बिलियन अमेरिकी डॉलर की डील की शुरुआत के लिए अच्छे संकेत नहीं है।टॉम क्रूज अब भी उत्साहित बीते शनिवार टॉम क्रूज ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर किया था। उन्होंने इन बीटीएस फोटोज के साथ अपनी टीम के लिए एक प्यार भरा कैप्शन लिखा। टॉम ने लिखा, 'डिगर आधिकारिक तौर पर सिनेमाघरों में आ गई है और मुझे इतने प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ इस फिल्म को बनाने का अवसर मिलने पर बहुत गर्व है। पूरी कास्ट और क्रू को उनके समर्पण, कड़ी मेहनत और उत्साह के लिए धन्यवाद। यह अनुभव सचमुच कभी न भूलने वाला था और मुझे इस बात पर बहुत गर्व है कि हमने क्या बनाया है।'

Aaj Ka Rashifai 05 October

मेष, कन्या और मकर राशि वालों को मिलेगा भाग्य का साथ, नौकरी-कारोबार में बढ़ेगी तरक्की

5 अक्टूबर 2026 का दिन कुछ राशियों के जातकों के लिए खास रहने वाला है। ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति का असर करियर, धन, परिवार और सेहत समेत जीवन के अलग-अलग क्षेत्रों पर पड़ सकता है। जानें आज का राशिफल और किन मामलों में आपको सावधानी बरतनी होगी।

Rashifal 05 October 2026: 5 अक्टूबर 2026 का दिन ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति के लिहाज से कई राशियों के लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। आज का दिन कुछ जातकों के लिए करियर और कारोबार में नए अवसर लेकर आ सकता है, तो वहीं कुछ लोगों को धन से जुड़े मामलों में सोच-समझकर फैसले लेने की जरूरत होगी।

मेष

आज का दिन आपको कई कामों में व्यस्त रख सकता है। एक साथ कई जिम्मेदारियां सामने हों तो घबराने के बजाय प्राथमिकता तय करके आगे बढ़ें। संतान से जुड़ी कोई अच्छी खबर मन को खुशी देगी। लंबे समय से मन में बसी कोई इच्छा पूरी होने से संतोष मिलेगा। पुराने अधूरे काम पूरे करने का उत्साह रहेगा और घर में किसी शुभ आयोजन की तैयारी से वातावरण खुशनुमा हो सकता है।

वृषभ

आज आलस्य छोड़कर पूरे उत्साह के साथ अपने कामों पर ध्यान देने का समय है। नई जिम्मेदारी शुरुआत में थोड़ी चुनौतीपूर्ण लग सकती है, लेकिन सहयोगियों का साथ आपको मजबूती देगा। बातचीत के दौरान शब्दों का चयन सोच-समझकर करें, क्योंकि छोटी बात भी तकरार का कारण बन सकती है। परिवार में किसी मुद्दे पर मतभेद हो सकते हैं, जिन्हें धैर्य से सुलझाया जा सकता है। घर में बदलाव या सजावट का विचार भी मन में आ सकता है।

मिथुन

आज नए काम की शुरुआत के लिए दिन उत्साह बढ़ाने वाला रहेगा। लंबे समय से जिस कदम को लेकर सोच-विचार कर रहे थे, उसमें आगे बढ़ने का मौका मिल सकता है। जीवनसाथी के साथ पुरानी गलतफहमियां बातचीत से दूर होंगी और रिश्ते में फिर से मिठास आएगी। किसी दूर रहने वाले खास व्यक्ति की याद मन को भावुक कर सकती है। वाहन से जुड़ा अचानक खर्च हो सकता है, इसलिए सावधानी रखें और दूसरों की बातों में उलझने के बजाय अपने काम पर ध्यान दें

कर्क

आज आपका मन दूसरों की मदद करने और जरूरतमंदों के काम आने में लगेगा। सेवा और सहयोग से आपको भीतर से संतोष महसूस होगा। संतान के साथ समय बिताने या कहीं घूमने जाने का अवसर मिल सकता है। लंबे समय से अटका कोई पुराना लेन-देन भी सुलझने की उम्मीद है। कामकाज में धैर्य बनाए रखें और वाहन चलाते समय विशेष सावधानी बरतें। यात्रा के दौरान मिली कोई महत्वपूर्ण जानकारी भविष्य में आपके लिए काफी उपयोगी साबित हो सकती है।

सिंह

आज मेहनत के अच्छे परिणाम मिलने की संभावना है, लेकिन कार्यक्षेत्र में किसी से हल्की बहस हो सकती है। ऐसे में शांत रहना ही आपके लिए बेहतर रहेगा। संतान से किया कोई वादा पूरा करने का अवसर आएगा, वहीं पिता की ओर से कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है। घर में पूजा-पाठ या धार्मिक आयोजन से सकारात्मक वातावरण बनेगा। हर किसी पर आंख मूंदकर भरोसा करने से बचें। धन से जुड़ी थोड़ी चिंता हो सकती है, लेकिन धैर्य से स्थिति संभाल लेंगे।

कन्या

आज आपको सफलता के साथ मन का संतोष भी मिलेगा। परिवार और रिश्तों में प्रेम बढ़ेगा, जिससे घर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। पुराने लेन-देन निपटाने का अवसर मिल सकता है, इसलिए आर्थिक मामलों में समझदारी से योजना बनाएं। परिवार में किसी शुभ या मांगलिक कार्यक्रम की तैयारी शुरू होने से उत्साह बढ़ेगा। लंबे समय से दिल में बसी कोई इच्छा पूरी होने की खुशी भी आज आपको मिल सकती है।

तुला

करियर के लिहाज से आज का दिन नई उम्मीद लेकर आ सकता है। अटका हुआ धन वापस मिलने से आर्थिक राहत महसूस होगी। कोई बड़ी इच्छा पूरी होने से आत्मविश्वास और खुशी दोनों बढ़ेंगे। अपनी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए योजनाबद्ध तरीके से काम करना लाभदायक रहेगा। परिवार में चल रही नाराजगी बातचीत और समझदारी से दूर हो सकती है और रिश्तों में फिर से गर्मजोशी लौटेगी।

वृश्चिक

आज का माहौल आपके लिए सकारात्मक और खुशियों से भरा रहेगा। सबको साथ लेकर चलने की आपकी खूबी लोगों को प्रभावित करेगी। हालांकि किसी की सलाह पर आंख बंद करके भरोसा करने के बजाय अपने विवेक से फैसला लेना बेहतर होगा। कोई करीबी सहयोगी मुश्किल समय में आपका साथ दे सकता है। पुरानी स्वास्थ्य संबंधी परेशानी थोड़ी तकलीफ दे सकती है, इसलिए लापरवाही न करें। अचानक आने वाले खर्चों के बावजूद परिवार का सहयोग बना रहेगा।

धनु

आज तरक्की के साथ नई उपलब्धियों के रास्ते खुल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में बड़ी जिम्मेदारी मिलने से आपकी प्रतिष्ठा और पद दोनों मजबूत हो सकते हैं तथा आय बढ़ने के संकेत भी हैं। किसी मित्र की अनजानी गलती आपके काम में थोड़ी रुकावट डाल सकती है, इसलिए सतर्क रहें। नया काम शुरू करने की योजना बन सकती है, लेकिन परिवार और भाई-बहनों की सलाह लेना फायदेमंद रहेगा। अविवाहित लोगों के जीवन में नए रिश्ते की शुरुआत के संकेत हैं।

मकर

आज आपकी रचनात्मकता और आत्मविश्वास दोनों मजबूत रहेंगे। नई योजनाओं और सृजनात्मक कामों में मन लगेगा और आप अपनी प्रतिभा को बेहतर तरीके से सामने ला पाएंगे। किसी जरूरतमंद की मदद करके मन को गहरा संतोष मिलेगा। राजनीति या सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है। पुरानी गलतियों से सीखना आज आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। परिवार के साथ खुलकर बातचीत करने से रिश्तों की कई उलझनें आसानी से सुलझ सकती है

कुंभ

आज आपको अपने खर्चों को लेकर थोड़ा सतर्क रहना होगा। आसपास के लोगों को समझकर आगे बढ़ें, क्योंकि हर व्यक्ति आपकी सफलता से खुश हो, यह जरूरी नहीं है। किसी अनजान व्यक्ति की सलाह पर निवेश करने से बचना बेहतर रहेगा। संतान की ओर से कोई अच्छी खबर मन को खुशी दे सकती है। लंबे समय से अटका सरकारी काम पूरा होने की संभावना है। माता-पिता का आशीर्वाद और सहयोग आपके लिए विशेष रूप से लाभकारी रहेगा।

मीन

आज आपके सम्मान और उपलब्धियों में वृद्धि के संकेत हैं। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी और नए अवसर सामने आ सकते हैं। सहकर्मियों का सहयोग कठिन कामों को भी आसान बना देगा। हालांकि बातचीत के दौरान अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें, क्योंकि छोटी-सी बात गलतफहमी का कारण बन सकती है। सुनी-सुनाई बातों पर तुरंत विश्वास करने से बचें। परिवार में विवाह से जुड़ी कोई पुरानी रुकावट दूर होने से खुशी का माहौल बनेगा और दांपत्य जीवन में भी प्रेम और अपनापन बना रहेगा।

Aaj Ka Love Rashifal

मेष, तुला और मीन राशि वालों की लव लाइफ में बढ़ेगा प्यार ,मिलेगा पार्टनर का साथ

5 2026 को प्रेम और रिश्तों के मामले में ग्रहों की स्थिति का असर सभी राशियों पर अलग-अलग देखने को मिल सकता है। जानें आज मेष से मीन तक सभी राशियों के लिए प्यार और रिश्तों के लिहाज से दिन कैसा रहेगा।आज 4 अक्तूबर 2026 का दिन प्रेम और रिश्तों के मामले में कई राशियों के लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति का असर आपकी लव लाइफ, पार्टनर के साथ तालमेल और रिश्तों में चल रही परिस्थितियों पर पड़ सकता है। कुछ राशि वालों के लिए आज का दिन प्यार में नई शुरुआत और बढ़ती नजदीकियों का संकेत दे रहा है, वहीं कुछ लोगों को छोटी-छोटी बातों को लेकर होने वाली गलतफहमियों से बचना होगा।

मेष लव

आज आपको पार्टनर के साथ सुकून भरा समय बिताने का मौका मिलेगा। अगर हाल में किसी बात को लेकर रिश्ते में थोड़ी दूरी आई थी, तो खुलकर बातचीत करने से गलतफहमी दूर हो सकती है। वहीं सिंगल लोगों की किसी नए व्यक्ति से बातचीत शुरू होने की संभावना है।

तुला लव

आज प्रेम जीवन में खुशियां और उत्साह बना रहेगा। पार्टनर के साथ शॉपिंग, घूमने या लॉन्ग ड्राइव का कार्यक्रम बन सकता है। एक-दूसरे के साथ खुलकर बातचीत करने से रिश्ते में प्यार और समझ दोनों बढ़ेंगे।

मीन लव

आज पार्टनर के साथ भावनात्मक जुड़ाव और गहरा होगा। अगर रिश्ते में कोई पुरानी परेशानी चल रही थी, तो मिलकर उसका हल निकालने में सफलता मिल सकती है। शादीशुदा लोगों के बीच प्यार, शांति और आपसी समझ बनी रहेगी।

आज का अंक ज्योतिष 05 अक्तूबर: मूलांक 3, 5 और 7 वालों को मिल सकते हैं नए अवसर, आर्थिक स्थिति होगी बेहतर

5 अक्तूबर 2026 को अंक ज्योतिष के अनुसार आज का दिन मूलांक 1 से 9 तक के जातकों के लिए अलग-अलग परिणाम लेकर आएगा। जानें आज किस मूलांक को मिलेगा लाभ और किन लोगों को सावधानी बरतनी होगी।

Dainik Ank Jyotish: अंक ज्योतिष में हर मूलांक का अपना विशेष महत्व माना जाता है और जन्मतिथि के आधार पर आज का दिन आपके लिए कई तरह के संकेत लेकर आ सकता है। कुछ मूलांक वाले जातकों को कामकाज और आर्थिक मामलों में अच्छे अवसर मिल सकते हैं, जबकि कुछ लोगों को महत्वपूर्ण फैसले लेते समय थोड़ा संयम बरतना होगा। आज का दिन नौकरी, व्यापार, धन, परिवार और निजी जीवन के लिहाज से कैसा रहेगा, यह आपके मूलांक पर निर्भर कर सकता है। अगर आप भी जानना चाहते हैं कि 05 अक्तूबर का दिन आपके लिए कैसा रहने वाला है और आज किन मामलों में सफलता मिल सकती है, तो पढ़ें मूलांक 1 से 9 तक का आज का अंक ज्योतिष।

05 अक्तूबर की भाग्यशाली राशियां: आर्थिक मोर्चे पर मिल सकती है कामयाबी और अधूरे काम होंगे पूरे

05 अक्तूबर को ग्रहों-नक्षत्रों की चाल का प्रभाव सभी 12 राशियों के जातकों के ऊपर पड़ेगा। ऐसे में आइए जानते हैं 05 अक्तूबर की भाग्यशाली राशियां कौन-कौन सी हैं।

रविवार, 05 अक्तूबर का दिन कुछ राशि वालों के लिए बहुत ही शानदार रहेगा। ग्रहों-नक्षत्रों की चाल का प्रभाव कुछ राशि वालों के लिए अच्छे संकेत हैं। करियर-कारोबार में आपको अच्छी खबरें सुनने को मिल सकती है। कल के दिन कुछ अटके काम पूरे होने की संभावना है। साथ ही कुछ नए तरह के अवसरों की प्राप्ति भी होगी। ऐसे में आइए जानते हैं कल, 05 अक्तूबर की भाग्यशाली राशियों के बारे में।

मेष राशि

वालों के लिए कल का दिन बहुत ही शुभ और सकारात्मक रहेगा। आर्थिक मोर्चे पर अच्छी खबरें सुनने को मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको बेहतर परिणाम मिलेंगे। आय में इजाफा होगा और अचानक से कोई बड़ा लाभ या फिर अच्छी खबरें सुनने को मिल सकती है। आपको पुरानी परेशानियों से निजात मिलेगी। आपको रविवार को कुछ पुराने उधार वापस से मिल सकते हैं।

वृषभ राशि

वृषभ राशि वालों के लिए रविवार का दिन बहुत ही अच्छा, शानदार और लाभ से भरा हुआ होगा। करियर-कारोबार में आपकी आर्थिक स्थिति को मजबूती मिलेगी। लाभ प्राप्ति के अच्छे मौके मिलेंगे। रविवार के दिन आपको किसी पुरानी समस्या का समाधान मिलेगा। रोजगार के सुनहरे अवसर आपको मिलेंगे जिससे आपके कुछ अच्छे अवसर मिल सकते हैं

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के सामने खिताब बचाने की चुनौती

भारतीय महिला हॉकी टीम ने स्वर्ण जीतकर एशियन गेम्स में अपने अभियान का अंत शानदार तरीके से किया। अब पुरुष हॉकी टीम के पास लगातार दूसरी बार स्वर्ण जीतने का मौका है। पुरुष हॉकी टीम का फाइनल में सामना मलयेशिया से है। भारत को हॉकी में एक और स्वर्ण की उम्मीद होगी।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम को मलयेशिया के खिलाफ एशियन गेम्स के फाइनल में शनिवार को अपना खिताब बरकरार रखने और लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 का टिकट कटाने के लिए गलतियों से सबक लेकर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारतीय टीम ने कभी लगातार दो एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक नहीं जीता है और उसके पास शनिवार को यह कामयाबी हासिल करके भारतीय हॉकी का सुनहरा अध्याय लिखने का मौका है।

पिछली गलतियों से बचना होगा
सेमीफाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ लचर प्रदर्शन के बाद अब मलयेशिया के खिलाफ उन गलतियों को दोहराने से बचना होगा। पाकिस्तान के खिलाफ 23वें मिनट तक तीन गोल की बढ़त बनाने के बाद भारत ने दूसरे हाफ में तीन गोल गंवा दिए और आखिरी सीटी बजने से 49 सेकेंड पहले अभिषेक के गोल के दम पर 4-3 से मिली जीत से फाइनल में जगह बनाई।

डिफेंस रखना होगा मजबूत
पिछली बार की चैंपियन भारतीय टीम को डिफेंस मजबूत रखना होगा। डिफेंस के चरमराने से ही पाकिस्तानी टीम का वापसी का मौका मिला था। सेमीफाइनल और फाइनल के बीच एक ही दिन का अंतर होने से रिकवरी भी अहम होगी। दूसरी ओर मलयेशिया ने दक्षिण कोरिया को 2-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। पिछले तीन बार में मलयेशिया दूसरी बार फाइनल में पहुंचा है।

भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा, मलयेशिया ने अच्छा प्रदर्शन किया है और यह मुकाबला अच्छा रहेगा। हमने काफी समय से मलयेशिया से खेला नहीं है। दोनों टीमें आक्रामक खेलती हैं और खिलाड़ियों के पास हुनर के साथ रफ्तार भी है। हम सिर्फ अपनी रणनीति पर फोकस करना चाहते हैं।

भारतीय महिला हॉकी टीम ने स्वर्ण जीतकर एशियन गेम्स में अपने अभियान का अंत शानदार तरीके से किया। अब पुरुष हॉकी टीम के पास लगातार दूसरी बार स्वर्ण जीतने का मौका है। पुरुष हॉकी टीम का फाइनल में सामना मलयेशिया से है। भारत को हॉकी में एक और स्वर्ण की उम्मीद होगी।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम को मलयेशिया के खिलाफ एशियन गेम्स के फाइनल में शनिवार को अपना खिताब बरकरार रखने और लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 का टिकट कटाने के लिए गलतियों से सबक लेकर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारतीय टीम ने कभी लगातार दो एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक नहीं जीता है और उसके पास शनिवार को यह कामयाबी हासिल करके भारतीय हॉकी का सुनहरा अध्याय लिखने का मौका है।

पिछली गलतियों से बचना होगा
सेमीफाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ लचर प्रदर्शन के बाद अब मलयेशिया के खिलाफ उन गलतियों को दोहराने से बचना होगा। पाकिस्तान के खिलाफ 23वें मिनट तक तीन गोल की बढ़त बनाने के बाद भारत ने दूसरे हाफ में तीन गोल गंवा दिए और आखिरी सीटी बजने से 49 सेकेंड पहले अभिषेक के गोल के दम पर 4-3 से मिली जीत से फाइनल में जगह बनाई।

डिफेंस रखना होगा मजबूत
पिछली बार की चैंपियन भारतीय टीम को डिफेंस मजबूत रखना होगा। डिफेंस के चरमराने से ही पाकिस्तानी टीम का वापसी का मौका मिला था। सेमीफाइनल और फाइनल के बीच एक ही दिन का अंतर होने से रिकवरी भी अहम होगी। दूसरी ओर मलयेशिया ने दक्षिण कोरिया को 2-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। पिछले तीन बार में मलयेशिया दूसरी बार फाइनल में पहुंचा है।

95 पर भारत को छठा झटका, शिवम दुबे 15 गेंद पर 27 रन बनाकर आउट

IND vs PAK Live Score: भारत को छठा झटका
भारत को 195 के स्कोर पर छठा झटका लगा। शिवम दुबे को अहमद दानियाल ने सदाकत के हाथों कैच कराया। वह 15 गेंद में दो चौके और दो छक्के की मदद से 27 रन बनाकर आउट हुए। फिलहाल अक्षर पटेल और तिलक वर्मा क्रीज पर हैं।

IND vs PAK Live Score: तिलक ने बरसाए छक्के
18 ओवर के बाद भारत ने पांच विकेट पर 172 रन बना लिए हैं। तिलक वर्मा 16 गेंद में 30 रन और दुबे 10 रन बनाकर क्रीज पर हैं। 18वें ओवर में सुफियान मुकीम की आखिरी दो गेंद पर तिलक ने छक्के लगाए।

IND vs PAK Live Score: 17 ओवर का खेल हुआ
17 ओवर के बाद भारत ने पांच विकेट गंवाकर 154 रन बना लिए हैं। फिलहाल शिवम दुबे नौ रन और तिलक वर्मा 13 रन बनाकर क्रीज पर हैं। इन दोनों के बीच 20 से ज्यादा रन की साझेदारी हो चुकी है।

IND vs PAK Live Score: भारत को पांचवां झटका
भारत को 15वें ओवर में 133 के स्कोर पर पांचवां झटका लगा। कप्तान श्रेयस अय्यर 24 गेंद में 21 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने अपनी पारी में दो चौके लगाए। फिलहाल उपकप्तान तिलक वर्मा और शिवम दुबे क्रीज पर हैं। 15 ओवर के बाद भारत का स्कोर पांच विकेट पर 137 रन है। भारत का स्कोर एक विकेट तीन विकेट पर 128 रन था। इसके बाद 128 के स्कोर पर चौथा और 133 के स्कोर पर पांचवां झटका लगा। पांच रन बनाने के बीच में भारत ने ईशान किशन और श्रेयस के विकेट गंवा दिए। श्रेयस और ईशान के बीच 32 गेंद में 35 रन की साझेदारी हुई।

भारत vs वेस्टइंडीज: क्या धोनी की इस सलाह ने कप्तान शाई होप को बना दिया हीरो? अपनी टीम को क्लीन स्वीप से बचाया

भारत के खिलाफ तीसरे वनडे में वेस्टइंडीज ने 352 रन का लक्ष्य पांच विकेट से हासिल कर इतिहास रच दिया। शाई होप ने नाबाद 162 रन की पारी खेली। मैच के बाद उन्होंने बताया कि एमएस धोनी की एक सलाह ने उन्हें दबाव में धैर्य बनाए रखने और लक्ष्य को छोटे हिस्सों में बांटकर हासिल करने में मदद की।

वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप ने भारत के खिलाफ तीसरे वनडे में ऐसी पारी खेली, जिसने उनकी टीम को ऐतिहासिक जीत दिला दी। भारत ने 351/7 का विशाल स्कोर खड़ा किया था। जवाब में वेस्टइंडीज ने 48.2 ओवर में पांच विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। होप 143 गेंदों पर 162 रन बनाकर नाबाद रहे।

मैच के बाद होप ने बताया कि भारत के पूर्व कप्तान एमएस धोनी की कही एक बात उन्हें इस मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते समय याद आ रही थी। होप ने कहा कि धोनी ने उनसे कहा था कि उनके पास जितना वह सोचते हैं, उससे ज्यादा समय होता है। होप ने कहा, 'मेरी महान खिलाड़ी एमएस धोनी के साथ अच्छी बातचीत हुई थी। उन्होंने मुझसे कहा था कि आपके पास हमेशा उतना समय होता है, जितना आप सोचते हैं उससे ज्यादा। इसलिए हमने लक्ष्य को छोटे हिस्सों में बांटने की कोशिश की।'

352 रन के लक्ष्य का दबाव नहीं आने दिया
वेस्टइंडीज की शुरुआत लक्ष्य के लिहाज से आसान नहीं थी। टीम के कुछ प्रमुख बल्लेबाज उपलब्ध नहीं थे और होप को 50 ओवर तक विकेटकीपिंग करने के बाद पारी की शुरुआत भी करनी पड़ी। इसके बावजूद उन्होंने धैर्य नहीं खोया। होप ने बताया कि उन्हें ग्रोइन के आसपास परेशानी भी महसूस हुई, लेकिन उन्होंने अंत तक लड़ने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि भारत को ओवर रेट की वजह से फील्डरों को अंदर लाना पड़ सकता था और इसी बात को ध्यान में रखते हुए उन्होंने धैर्य बनाए रखा। अमीर जांगू ने 67 रन और कीमो पॉल ने 44 रन की उपयोगी पारी खेली। वहीं होप ने नाबाद 162 रन बनाकर वेस्टइंडीज को लक्ष्य तक पहुंचाया। यह वनडे में वेस्टइंडीज का सबसे बड़ा सफल रन चेज भी रहा।

भारत ने पहले खड़ा किया था 351 रन का स्कोर
इससे पहले भारत ने 50 ओवर में 351/7 रन बनाए थे। केएल राहुल ने नाबाद 129 रन की शानदार पारी खेली। रोहित शर्मा ने 92 और ऋतुराज गायकवाड़ ने 57 रन बनाए। भारत के विशाल स्कोर के बाद वेस्टइंडीज की जीत की उम्मीद कम ही नजर आ रही थी, लेकिन होप ने पूरी तस्वीर बदल दी। भारत पहले ही तीन मैचों की सीरीज के शुरुआती दोनों मुकाबले जीतकर सीरीज अपने नाम कर चुका था। इसलिए तीसरे वनडे में वेस्टइंडीज की जीत उसके लिए सांत्वना जीत रही, लेकिन इस प्रदर्शन ने टीम को आगामी मुकाबलों के लिए बड़ा आत्मविश्वास दिया।

गिल ने फील्डिंग और डेथ बॉलिंग पर जताई चिंता
भारत के कप्तान शुभमन गिल ने हार के बाद टीम की कुछ कमजोरियों को स्वीकार किया। उन्होंने खास तौर पर फील्डिंग और डेथ ओवर की गेंदबाजी को लेकर चिंता जताई। गिल ने कहा, 'हमने करीब छह-सात कैच छोड़े। यह अच्छा संकेत नहीं है, खासकर विश्व कप से पहले।' उन्होंने डेथ ओवर में रणनीति को लेकर भी सुधार की जरूरत बताई। गिल ने कहा, 'हमें अपनी डेथ बॉलिंग पर काम करना होगा। हमें यह स्पष्ट नहीं है कि हम आक्रमण कर रहे हैं या बचाव। डेथ ओवर में फील्डिंग को लेकर भी हमें स्पष्टता हासिल करनी होगी।' भारत ने इससे पहले दूसरे वनडे में 400 से ज्यादा रन दिए थे, हालांकि वह मुकाबला जीतने में सफल रहा था। तीसरे वनडे में भी गेंदबाजी और फील्डिंग की कमियों ने टीम को मुश्किल में डाल दिया। दूसरी ओर, होप की पारी ने वेस्टइंडीज को भारत के खिलाफ यादगार जीत दिला दी।

ब्राजील की टीम कोलकाता पहुंची: पहली बार भारत से खेलेगी अंतरराष्ट्रीय मैच

भारत और ब्राजील के बीच कोलकाता में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय मैत्री मुकाबला खेला जाएगा। इसके लिए ब्राजील की टीम कोलकाता पहुंच गई है। यह पहली बार होगा जब ब्राजील की टीम भारत के खिलाफ मैच खेलेगी।

भारतीय फुटबॉल टीम अभी तक के अपने सबसे बड़े मुकाबले में शनिवार को जब पांच बार की विश्व चैंपियन ब्राजील के खिलाफ प्रतिष्ठित सॉल्ट लेक स्टेडियम में मैत्री मैच खेलने के लिए उतरेगी तो वह बिना किसी दबाव के अपना सर्वश्रेष्ठ खेल खेलने की कोशिश करेगी। कई स्टार खिलाड़ियों से सजी और विश्व रैंकिंग में पांचवें स्थान पर काबिज ब्राजील पहली बार भारत के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगा। उसकी टीम में रियाल मैड्रिड के फॉरवर्ड विनीसियस जूनियर, आर्सेनल के डिफेंडर गैब्रियल मैगाल्हेस, मिडफील्डर ब्रूनो गुइमारेस और अनुभवी मार्क्विन्होस शामिल हैं।

कोलकाता में ब्राजील का है बड़ा फैन बेस
ब्राजील की टीम ऐसे शहर पहुंची है जहां उनकी पीली जर्सी के दीवानों की कमी नहीं है। विश्व कप के दौरान यह शहर ब्राजील और अर्जेंटीना की जर्सी रंग से पटा रहता है। कागजों पर भले ही यह मुकाबला बेमेल नजर आ रहा हो लेकिन 138वें स्थान पर काबिज भारत के लिए अपनी प्रगति को परखने का यह शानदार मौका है। भारतीय टीम कभी भी विश्व कप के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाई है और वह सऊदी अरब में होने वाले 2027 एशियाई कप के लिए भी क्वालिफाई करने में असफल रही है जिससे पता चलता है कि एशिया की मजबूत टीमों और भारत के बीच भी बड़ा अंतर है।

लेखकों के वैचारिक दृष्टिकोण से या संवाददाताओं की खबरों से संपादक की सहमति-असहमति अनिवार्य नहीं है। किसी लेख या खबर के सन्दर्भ में आपत्ति या विरोध हो तो संपादकीय कार्यालय से सम्पर्क करें।
आपके स्पष्टीकरण को साक्ष्य प्रकाशित किया जाएगा।
- सम्पादक

R.N.I. No.
UPHIN/25/A4228
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक निर्भय कुमार सेंगर के लिए 'प्लेनेट न्यूज इंडिया' प्रेस से छपवाकर, बी-9, सावरी भवन, विक्रम कॉलोनी, चावला पेट्रोल पंप के पास, रामघाट रोड, अलीगढ़ (उ.प्र.) से प्रकाशित।
मो. 9454428661
प्रधान संपादक- निर्भय कुमार सेंगर
(सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अलीगढ़ होगा)
Email:planetnewsindia776@gmail.com

BOOK YOUR ADVERTISEMENT

+91-7088120300